हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 15 जनवरी 2024

04 जिस ईश्वर को तलाश कर रहे हैं वह हमारे हृदय में ही...



06 प्रदर्शनी में लोगों को बताए मोटे अनाज यूज के ...





## खबर संक्षेप

### आज रंगई मंदिर पर सफाई करेंगे विधायक

**विदिशा।** मंदिरों के सफाई आभियान के तहत आज सुबह 8 बजे से विधायक मुकेश टंडन के नेतृत्व में हनुमान मंदिर रंगई में सफाई की जाएगी। जिसमें सभी वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इसके बाद बूथ केंद्र में आने वाले स्थानीय मंदिरों में सफाई आभियान चलाना है।

### मेगा इवेंट आज

**विदिशा।** प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान अंतर्गत आईईसी गतिविधियों के संबंध में आज मेगा इवेंट कार्यक्रम रविन्द्र नाथ टेगौर भवन होगा।

### क्लॉथ मर्चेंट दुकानों पर लगाएगा ध्वजा

**विदिशा।** 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु राम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के दिन इन ऐतिहासिक क्षणों में विदिशा क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन भी उत्साह मनाएगा। सभी क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन के व्यापारियों के प्रतिष्ठानों को प्रभु राम के प्रतीक ध्वजा एवं दीपों से सजाया जाएगा। दुकानों पर रोशनी की जाएगी। क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष अतुल जैन ने बताया कि यह अवसर संपूर्ण देश के लिए ऐतिहासिक है। हम सौभाग्यशाली हैं कि इसमें सहभागिता करने जा रहे हैं। क्लॉथ मर्चेंट एसोसिएशन ने समस्त देशवासियों को इस अवसर पर बधाई दी है।

### कीटनाशक संघ के अध्यक्ष बने पीतलिया

**विदिशा।** कीटनाशक, खाद एवं बीज विक्रेता संघ की त्रिवार्षिक निर्वाचन प्रक्रिया रविवार को महल घाट पर हुई। निर्वाचन प्रक्रिया में व्यापार महासंघ की ओर से ऋषि शर्मा एवं गगन जैन मौजूद रहे। सर्वसहमति से राजीव पीतलिया को अध्यक्ष चुना गया। वहीं सचिव नरेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष महेंद्र दांगी एवं व्यापार महासंघ प्रतिनिधि पद पर गोपाल दास राठी, अर्पित उपाध्याय, दिनेश त्रिपाठी, राजीव दुबे निर्वाचित हुए प्रवक्ता की जवाबदारी भगवानदास अहिरवार को सौंपी गई है।

### यात्राः गांवों में हुए विभिन्न कार्यक्रम

**विदिशा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा तहत ग्राम पंचायत सौराई, जीवाजीपुर, खामखेड़ा और खेरुआ हाट में कार्यक्रम हुआ। चारों ग्राम पंचायतों में विदिशा विधायक मुकेश टंडन, डॉ राकेश जादौन समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने शामिल होकर हितग्राहियों को हित लाभ का वितरण किया। इस दौरान क्विज विजेताओं को पुरस्कृत किया। विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने कहा की गरीबों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे, हमारे बीच में गारंटी का रथ आया है जो पूरे विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण रहा हैं। केंद्र सरकार ने विगत वर्षों से जनता के हित में जो काम किए हैं इसी को लेकर देश भर में विकसित भारत यात्रा निकाली जा रही है।

### 22 को हिंउस समिति निकलेगी कीर्तन यात्रा

**विदिशा।** श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर शहर के मंदिरों को भी सुंदर लाइटिंग से सजाया जाएगा। मंदिरों में श्रीराम भजन, कीर्तन, सुंदर कांड के पाठ और भंडारे होंगे। एलईडी स्क्रीन पर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव नजारा देखा जाएगा। हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह टीलाटखेड़ी ने बताया कि इसी कड़ी में हिंदू उत्सव समिति के समस्त पदाधिकारी शहर के नागरिकों के साथ माधवगंज राम जानकी मंदिर से कीर्तन करते हुए माधवगंज, बाल विहार, कोतवाली, बड़ा बाजार, बजरिया होते हुए रामलीला प्रांगण पहुंचकर भगवान श्री राम की भव्य आरती कर प्रसादी वितरण करेंगे। शहर के धार्मिक लोगों से इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की गई है। वहीं दुर्गा उत्सव चल समारोह के संयोजक राधिका शरण दास ने बताया कि आगामी 28 जनवरी को दुर्गा उत्सव के पुरस्कार वितरण किए जाएंगे।

## विधायक ने गणेश मंदिर से की शुरुआत

# मंत्री प्रहलाद पटेल ने खाटू श्याम मंदिर में झाड़ू पोंछा किया, कहाः धार्मिक स्थलों की स्वच्छता सुनिश्चित करें, यही हमारा सबसे बड़ा देव दर्शन होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

भाजपा ने रविवार से स्वच्छता अभियान की शुरूआत करते हुए मंदिरों में साफ सफाई की। प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल वैशाली विहार कॉलोनी स्थित खाटू श्याम मंदिर में झाड़ू पोंछा कर अभियान की शुरूआत की। वहीं विधायक मुकेश टंडन ने बाढ़ वाले गणेश मंदिर में साफ सफाई कर अभियान की शुरूआत की।

मंत्री पटेल ने वैशाली बिहार कॉलोनी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में स्वच्छता अभियान में शामिल होने से पहले खाटू श्याम जी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। साफ-सफाई अभियान के दौरान मंत्री श्री पटेल ने मंदिर परिसर में लगे बड़ के पौधे पर बांधी गई अगरबत्ती की पॉलिथीन देखी तो उन्होंने उन पन्नियों को स्वयं अपने हाथों से निकाल कर एकत्रित किया और डस्टबिन में डाला। उन्होंने कहा कि मनोती का धागा निर्धारित स्थान पर ही बांधे। उन्होंने कहा कि यह तो श्रद्धालुओं की आस्था ही है और खाटू श्याम जी की महिमा कि श्रद्धालुओं द्वारा मनोती के धागे और पॉलिथीन बांधने से उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

मंत्री पटेल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पहले प्रधानमंत्री के राष्ट्रव्यापी आव्हान पर मंदिर या किसी भी संप्रदाय के धार्मिक स्थल पर उसकी स्वच्छता सुनिश्चित करना है। सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा धार्मिक स्थल की सफाई की जा रही है। मंत्री पटेल ने कहा कि मुझे विदिशा के खाटू श्याम मंदिर में सेवा देने का अवसर मिला मैं अपने आपको भाग्यशाली मानता हूं। 22 जनवरी तक सतत तौर पर लक्षित रूप से संकल्प के साथ प्रत्येक धार्मिक स्थल की स्वच्छता करें यही हमारा सबसे बड़ा देव दर्शन होगा।



**विदिशा।** खाटू श्याम मंदिर पहुंचे मंत्री प्रहलाद पटेल और विधायक मुकेश टंडने की साफ सफाई।



**विदिशा।** मंत्री पटेल ने खाटू श्याम मंदिर में किए दर्शन।

## आज बेतवा के दूषित जल में डुबकी लगाने गांव-गांव से पहुंचेंगे श्रद्धालु

# स्नान तो दूर आचमन करने लायक भी नहीं बचा जीवनदायिनी का जल

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

फोटो में गंदे नाले की तरह दिख रहा यह चित्र शहर की जीवनदायिनी और कलयुग की गंगा बेतवा नदी का है। आज जिलेभर से गांव-गांव से श्रद्धालु दूषित हो चुके इसी बेतवा के पानी में डुबकी लगाकर पूजा अर्चना करेंगे।

मकर संक्रांति के दिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु बेतवा के बड़ वाले घाट पर पहुंचकर स्नान, दान पुण्य करते हैं। लेकिन इस बार श्रद्धलुओं की आस्था का जरा भी ध्यान नहीं रखा गया है। बड़ वाले घाट से पहले कुछ दूर पर शहर के ड्रेनेज का पानी चोर घाट नाले के माध्यम से बेतवा में मिल रहा है और इसी नाले के पानी में आज हजारों की संख्या में श्रद्धालु डुबकी लगाने वाले हैं। घाटों पर बने मंदिरों के सेवक रमेश चौबे ने बताया कि बेतवा नदी के पानी में कीड़े पड़ चुके हैं। जिससे बीमारियां फैलने का डर बना हुआ है। आज हजारों श्रद्धालु स्नान करने आएंगे, लेकिन पानी इतना अधिक गंदा हो चुका है कि उसमे स्नान करने से बीमार होने का खतरा भी रहेगा। उनका कहना है कि न कोई यहां पर समिति है न प्रशासन द्वारा इस दिशा में कोई कदम उठाया जा रहा।



**विदिशा।** बेतवा के चरणतीर्थ घाट से लेकर रामघाट तक करीब एक किमी हिस्से में नदी में हरी काई जम चुकी है।

### बोट चलवाएगी नपा

मकर संक्रांति के पर्व को देखते हुए नगरपालिका द्वारा घाटों की सफाई कराई है। लेकिन नदी में इतनी अधिक मात्र में काई है की इसे साफ करना मुश्किल है। नदी में जमा काई को हटाने के लिए नपा नदी में बोट चलवाकर सफाई कराएगी। पूजन सामग्री बेतवा में न फेकी जाए। इसके लिए मंदिरों से पूजन सामग्री कलेक्ट करने एक वाहन भी नपा ने तैयार कराया है। इस कार्य की लोगों ने खूब सरहाना की, लेकिन पिछले चार महीने से यह वाहन खड़ा है। इसका शुभारंभ अब तक नहीं किया गया। नपा सीएमओ धीरज शर्मा ने 14 जनवरी के दिन से इस वाहन को एनजीओ के माध्यम से संचालन कराने की बात कही थी पर ऐसा नहीं हुआ।

# वन अमले ने लकड़ियों से भरा ट्रक जब्त किया

## सड़क किनारे लावारिश हालत में खड़ा मिला ट्रक



हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

वन विभाग की टीम ने आम की लकड़ियों से भरे ट्रक को जब्त करने की कार्रवाई की है।

वन परिक्षेत्र अधिकारी संगीता अमलताश ने बताया कि महानीम चौराहा पर एक अज्ञात ट्रक एमपी 09 एचजी 7446 सुबह से खड़ा था। जिसमें लकड़ियां भरी हुई थीं। जिसकी सूचना मिलने पर मौके पर टीम रवाना कर जांच की गई। जहां पर एक ट्रक खड़ा मिला। जिसमें ड्राइवर, किलिंजर कोई भी नहीं था। आसपास देखने पर भी कोई नहीं आया। जिसपर टीम द्वारा ट्रक को लाकर वन परिक्षेत्र कार्यालय में खड़ा कर लिया है। वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर, ट्रक की जांच कर कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान डिप्टी रेंजर एसके मीना, वनरक्षक के राजपूत, रामरुचि शर्मा, अमित शर्मा, प्रशांत लुहारिया, शशि दरोई, चंद्र भान विश्वकर्मा, संतोष राजपूत, धर्मेन्द्र यादव ने मिलकर यह कार्रवाई की।

## रामलीला मेले का शुभारंभः कलेक्टर भार्गव ने किया भूमिपूजन



**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** रामलीला मेला भव्य आयोजन के कार्यक्रम अनुसार रविवार को श्री रामलीला मेला के शुभारंभ के लिए भूमिपूजन किया गया। रामलीला मेला समिति अध्यक्ष उमाशंकर भार्गव और एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने शामिल होकर पूजन-अर्चना की कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन समेत अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए और प्रसादी ग्रहण की। वहीं शाम के समय नगर के मुख्य मार्गों से शिव बारात निकाली गई। इसमें मेला समिति के पदाधिकारी और शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। लगभग एक माह तक चलने वाले रामलीला मेले का अपना अलग ही महत्व है। यहां होने वाली लीला देश में अपने ढंग की अनूठी है। दिल्ली एवं बनारस के रामनगर की रामलीला की तरह यहां भी लीला एक स्टेज या मंच पर नहीं होती,वरन सजीव लीला होती है,अर्थात जो घटनाएं मंचित हो रही हैं,उन्हें साक्षात प्रदर्शित किया जाता है। पूरे मैदान में लीला का मंचन होता है। लंका एवं अयोध्या भवन अलग- अलग क्षेत्र में बने हुए हैं। दोनों पक्की इमारतें हैं, जिनमें प्रसंग अनुसार लीला का मंचन होता है।

## उदयगिरि गौशाला पर मुनि सुव्रतनाथ विधान के साथ अष्ठप्रातिहारी स्थापित

**विदिशा।** मकर संक्रांति के अवसर पर संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव श्री विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद से स्थापित दयोदय गौ संवर्धन केन्द्र उदगिरी स्थित श्री मुनिसुव्रतनाथ जिनालय का जीर्णोद्धार के साथ अष्ट प्रातिहार्य की स्थापना की गयी एवं गौ शाला के सभी गायों तथा अन्य सभी पशु पक्षियों को चारा एवं दाना खिलाया गया। इस अवसर पर विदिशा सकल दि. जैन समाज तथा गौ भक्त उपस्थित थे। दयोदय गौ संवर्धन केन्द्र के अध्यक्ष आकाश जैन सहित सभी पदाधिकारीओं ने सभी नगर बासीओं का आभार प्रकट करते हुये गौ शाला में पधारने का अनुरोध किया दयोदय महासंघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया वर्तमान में गौ शाला में लगभग एक हजार पशुओं का संरक्षण हो रहा है एवं मध्यप्रदेश तथा समूचे भारत में आचार्य गुरूदेव के आशीर्वाद से एक सौ पचास से अधिक गौ शालाओं का संचालन हो रहा है।

# भोपाल ने एसपीसीएल टूर्नामेंट किया अपने नाम, अभिषेक पांडे मैन ऑफ द सीरीज बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जैन कॉलेज ग्राउंड पर खेली जा रही टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट थर्ड सीजन 2024 का रविवार को समापन हुआ। रविवार को दो सेमीफाइनल और एक फाइनल मुकाबला खेला गया।

पहला सेमीफाइनल अनस विदिशा 11 बनाम शारिख़ 11 भोपाल के बीच खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अनस 11 ने निर्धारित अवरों में 63 रन बनाए शारिख़ 11 भोपाल ने यह मैच मैच 6 ओवर में जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल सुमित 11 बनाम हम एकता बाड़ी के मध्य खेला गया। जिसमें सुमित 11 टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और टोनू राठौर के 38 रनों की बदौलत 113 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में उतरी हम एकता बाड़ी की टीम 79 रन ही बना पाई। फाइनल मुकाबला सुमित 11 बनाम शारिख़ 11 भोपाल के मध्य खेला गया। सुमित 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते उतरी और निर्धारित 8 ओवरों में 87 रन बनाए। जिसके जवाब में अजीम लाल के 56 रनों की ताबड़तोड़ पारी से शारिख 11 भोपाल ने एसपीसीएल 2024 प्रतियोगिता अपने नाम की। प्रतियोगिता के बेस्ट बेस्टमैन संजीव मीना और बेस्ट बॉलर प्रदीप और प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट अभिषेक पांडेय रहे।



**विदिशा।** प्रतियोगिता के अंत में विजेता टीम को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया।

# अश्व पर सवार होकर आ रही मकर संक्रांति

## शुभ मुहूर्तः आज सूर्योदय से लेकर दोपहर 2 बजकर 35 मिनट तक पुण्य काल रहेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सूर्य का मकर राशि में प्रवेश करना मकर सक्रांति कहलाता है। धर्माधिकारी पंडित विनोद शास्त्री ने बताया कि सूर्य का मकर राशि में प्रवेश 14 जनवरी रविवार को भारतीय मानक समय विदिशा के स्थानीय समय के अनुसार रात्रि में 2 बजकर 35 मिनट पर हो रहा है। सूर्य का मकर राशि में प्रवेश होते ही मकर संक्रांति का पुण्य काल प्रारंभ हो जाता है। इस वर्ष मकर सक्रांति का पुण्य काल 14 जनवरी रविवार को रात्रि में 2 बजकर 35 मिनट से प्रारंभ होकर 15 जनवरी सोमवार को सूर्योदय से लेकर दोपहर 2 बजकर 35 मिनट तक विशेष पुण्य काल रहेगा। परंतु सूर्योदय से लेकर 8 बजकर 59 तक विशेष पुण्य कल रहेगा। 9 बजे से 10 बजकर 30 मिनट के बीच भी स्नान दान पुण्य भजन श्राद्ध तर्पण हवन का विशेष महत्व रहेगा। मकर सक्रांति से मांगलिक कार्य भी प्रारंभ हो जाते हैं। मकर सक्रांति का वाहन अश्व है। उप वाहन सिंह है। शुक्ल पक्ष का फल मकर संक्रांति शुक्ल पक्ष में होने से चोर पाखंडी तथा दुष्टों के लिए पीड़ा कारक होती है। फल मकर संक्रांति का वाहन अश्व होने से युद्ध आदि की स्थिति निर्मित हो सकती है।

### अब दिन बढ़े हो जाएंगे और रातें होंगी छोटी

मकर संक्रांति से दिन बढ़ने लगते हैं और रात्रि की अवधि कम हो जाएगी। सूर्य ऊर्जा का अजस्त्र स्त्रोत है इसके अधिक देर चमकने से प्राणी जगत में चेतना और उसकी शक्ति में वृद्धि हो जाती है। मकर सक्रांति के दिन स्नान, दान, जप, तप श्राद्ध, भगवत भजन, अनुष्ठान आदि का अधिक महत्व है। इस दिन किया गया दान 100 गुना होकर प्राप्त होता है। इस दिन तीर्थ में स्नान का विशेष महत्व है। मकर सक्रांति के दिन घृत, कंबल, खिचड़ी, तिल दान करने का विशेष महत्व है। इस दिन एवं खिचड़ी खाने का भी विशेष महत्व है। शास्त्रों के अनुसार ऐसा कहा जाता है कि गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम प्रयाग में मकर संक्रांति के दिन सभी देवी देवता अपना स्वरूप बदल कर स्नान के लिए आते हैं । इस दिन सूर्य अपनी कक्षाओं में परिवर्तन कर दक्षिणायन से उत्तरायण होकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं। जिस राशि में सूर्य की कक्षा का परिवर्तन होता है उसे संक्रमण या सक्रांति कहा जाता है।



### क्या होगा असर

संक्रांति उप वाहन सिंह होने से वर्षा अच्छी होगी। धान्यादि उपज सस्ते होंगे। मकर संक्रांति काला वस्त्र धारण किए हुए आने से काली वस्तुओं के भाव बढ़ेंगे। मकर संक्रांति हल्दी का लेपन करते हुए आने से हल्दी महंगी होगी हल्दी का व्यापार काम होगा। संक्रांति दूर्वा धारण किए होने से घोड़ों के समूह भूख के कारण मृत्यु होगी। संक्रांति खंजर धारण किए हुए आ रही है इस कारण राजाओं में परस्पर विरोध और युद्ध जैसी स्थिति निर्मित होगी। संक्रांति ब्राह्मण जाति में सुशोभित होने के कारण वेद पुराण संत महात्मा ब्राह्मण में भय पैदा होगा परंतु ब्राह्मण सुख को प्राप्त करेंगे।

# शाल-श्रीफल देकर भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान किया



**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** सशस्त्र बल वेटरन्स दिवस पर कलेक्ट्रेट में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर, संयुक्त कलेक्टर विष्णु प्रसाद यादव ने भूतपूर्व सैनिकों को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने कहा कि आपके द्वारा देश रक्षा के लिए दी गई सेवाएं अभूतपूर्व और प्रशंसनीय हैं। जिन भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया उनमें देशराज सिंह तोमर, संतोष श्रीवास्तव, पहलवान सिंह जादौन, महेरा मोदी, विजय भटनागर, नरेन्दर शर्मा, एचडी वैरागी, मोहर सिंह, भगवती पचोरी प्रसाद, सीताराम साहू, शिवराज सिंह संजीव तोमर, सतीष वर्मा, पीतम सिंह, सूर्य प्रकाश चतुर्वेदी, रविंद्र यादव, रामबाबू शर्मा शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### आदेश जारी करे सरकार: कादरी

**गंजबासौदा।** मध्यप्रदेश शासन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग मंत्रालय वल्लभ-भवन, भोपाल के आदेश के द्वारा मध्यप्रदेश के समस्त जिला कलेक्टर को अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित भगवान श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा कार्यकम के तारतम्य में प्रदेश में विभिन्न आयोजन किए जाने सम्बन्धी आदेश जारी किए जाने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबंधित मुस्लिम राष्ट्रीय मंच गौ , पर्यावरण एवं सेवा कार्य प्रकोष्ठ सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है। साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए मांग की है कि अन्य धर्मो के धार्मिक स्थलो के ट्रस्ट, समिति से संपर्क कर वरिष्ठ अधिकारीगण द्वारा भण्डारों का आयोजन किया जाऐ। इस हेतु विभिन्न धर्म के धर्मगुरूओं से भण्डारों के आयोजन किए जाने हेतु समन्वय किया जाए। प्रदेश के प्रत्येक जिले के सभी धर्मो के प्रमुख धार्मिक स्थलो में साफ-सफाई, रोशनी, दीप प्रज्वलन आदि की व्यवस्था की जाए सभी नगरों में नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा गांवों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से दिनांक 14 से 21 जनवरी के मध्य विशेष सफाई अभियान चलाकर सभी धर्म के धार्मिक स्थल पर लाइट झालर की साज-सज्जा भी की जाए। कादरी ने कहा भारत तीर्थों, त्योहारों और मेलों की भूमि है, यहां राम भी हैं और ख्वाजा भी। सभी त्योहार गरीबों को रोटी देते हैं और आपस में भाईचारा बढ़ाते हैं। हर त्योहार हमें सिखाता है कि हमें कट्टरता, द्वेष, नफरत, दंगे या युद्ध नहीं चाहिए। हम शांति, सद्भाव और भाईचारा चाहते हैं। आज जब सारा देश राममय दीवाली मना रहा है तो इस राममय दीवाली मे भारत के सभी धर्म के लोगों को आगे बढ़कर हर्षोल्लास धूमधाम से श्रीराम दीवाली मनाना चाहिए। इसके लिऐ यथासंभव केंद्र व राज्य सरकार भी मदद करें।

### कार्यक्रम आयोजित

**गंजबासौदा।** गत दिवस ईश्वरीय विश्व विद्यालय मंशापूर्ण हनुमान मंदिर के पास स्थित सेवा केंद्र के द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में सकारात्मक युवा विकसित भारत का आधार विषय पर ब्रह्मा कुमारीज के युवा प्रभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने सभी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि किस तरह हम अटेंशन की टेबलेट से टेंशन को दूर भगा सकते हैं। मन की शक्तियां किस तरह काम करती हैं इसका आध्यात्मिक विज्ञान भी समझाया गया। उसके लिए एकाग्रता एवं दृढ़ निश्चय चाहिए। आज का मानव पांच विकारों की जंजीरों में बंधा हुआ है जिसके कारण मन की शक्तियां जैसे निर्णय करने एवं सहन करने की शक्तियां खत्म हो गई है। राजयोग के नियमित अभ्यास से अपनी आंतरिक शक्तियों को फिर से जगा सकते हैं और स्वयं को सशक्त बना सकते हैं। हम स्वयं को नकारात्मक विचारों से बचाएं।

यह है मकड़ी की सुंदर कारीगरी...



**गंजबासौदा।** यह है खुदरत के कारीगर की कारीगरी एक मकड़ी द्वारा बनाया गया बेहद खूबसूरत मकड़ी का जाल। फोटो छाया: राजा छारी।

### श्रीरामलीला मेले में लोकगीत गायक जित्तू खरे बादल ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

# ऐसी माटी नहीं मिलेगी खंड-खंड में जनम दईयो विधाता बुंदेलखंड में







हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्री रामलीला मंच नया बस स्टैंड पर शनिवार को रात्रि के समय हुए लोकगीत के भव्य आयोजन को देखने के लिए देर रात तक श्रोता जमें रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, गायक जित्तू खरे बादल, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, मनोज यादव, एसडीओपी मनोज मिश्रा, नपा सीएमओ पवन शर्मा सहित अन्य पार्षदों ने भगवान का पूजन अर्चन कर किया। इसके बाद गायिका राम सखी ने मां भवानी की स्तुति पेश की। लेकिन दर्शक और श्रोता तो अपने मनपसंद गायक जित्तू खरे को सुनने के लिए उतावले थे, तो बिल्कुल भी देर ना करते हुए सीधे जित्तू खरे ने माइक संभाला। उन्होंने ट्रैन से रैली जा रही काल, सबरे रडुआ चलो भोपाल, एक ही नारा एक ही नाम, जय श्रीराम, जय श्रीराम, ऐसी माटी नही मिलेगी खंड खंड में, जनम दइयों विधाता बुंदेलखंड में और घर घर दीप जलाएंगे, दर्शन को अयोध्या मन्दिर जाएंगे, आदि भजन पेश कर श्रोताओं को झूमने नाचने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद पब्लिक की डिमांड पर उन्होंने ठेठ बुंदेली में लोकगीत राई आदि पेश की। कार्यक्रम के दौरान नगर के अलावा आसपास के ग्रामीण अंचलों से भी बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाया गया डॉल्फिन स्कूल में वार्षिकोत्सव



**गंजबासौदा।** स्थानीय डॉल्फिन विद्यालय में वार्षिक कला उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम दो चरणों में संपन्न हुआ, प्रथम चरण में माध्यमिक विभाग के विद्यार्थियों द्वारा सहभागिता की गई। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि नवांकुर प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित, वरिष्ठ शिक्षक पहलवान सिंह राजपूत, केशव लाहौरी, शंभू सिंह रघुवंशी, सत्यम शर्मा द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर एवं क्रियाशील प्रगति परिषद के प्रेरणा स्त्रोत स्व. डॉ विजय शिरढोरकर, विद्यालय के पूर्व प्राचार्य स्व. रमेश शर्मा को पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में निशि अरोरा, तान्या रघुवंशी, देवांश शर्मा, राधिका भार्गव, सौम्या नेमा, नंदिनी रघुवंशी, हर्षिता रघुवंशी, श्रेया मेहता द्वारा नृत्य, तनुश्री अग्रवाल, आराध्या भार्गव द्वारा काव्य पाठ, जिज्ञासु शर्मा, प्रगति दांगी एवं अनेक विद्यार्थियों द्वारा पारंपरिक व लोकसंस्कृति से ओत-प्रोत अनेक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम का संचालन छात्रा इच्छा देवलिया व निकुंज मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में प्राथमिक विभाग के नन्हे- मुन्हें विद्यार्थियों ने सहभागिता की। जिसमें आयुषी रघुवंशी, रुचि लोधी, माही नामदेव, मोक्षिता डिडवानी, गीतिका सक्सेना, सौम्या एवं अनेक विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुति दी गईं। द्वितीय चरण में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत भगवान राम पर आधारित रामायण तथा वेलकम डांस ने उपस्थित सभी अतिथियों का मन मोह लिया। विद्यालय के प्राचार्य संदीप जेटली द्वारा विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की सराहना की गई एवं उन्हें इसी तरह सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे की उनका संपूर्ण विकास हो सके। साथ ही प्राचार्य द्वारा कार्यक्रम मे प्रतिभागिता करने वाले सभी विद्यार्थियों को आगामी गणतंत्र दिवस पर पुरस्कृत करने की घोषणा की गई। कार्यक्रम के प्रथम चरण में निर्णायक की भूमिका में वरिष्ठ शिक्षक अनिल चतुर्वेदी एवं शिक्षिका रितु श्रीवास्तव तथा द्वितीय चरण में शिक्षिका प्रीति शर्मा व प्रियंका जैन रहीं। सफल आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने उत्साह पूर्वक भागीदारी की।

## पीले चावल के साथ मंदिर का चित्र भेंट कर चलाया अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विश्व हिंदू परिषद का परिवार संपर्क अभियान रविवार को रसूलपुर में किया गया। कार्यकर्ताओं ने अयोध्या में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आमंत्रण दिया। जिसमें अयोध्या के पूजित अक्षत प्रस्तावित राम मंदिर का चित्र और आग्रह पत्र सौंपकर लोगों से आगामी पौष शुक्ल द्वादशी विक्रम संवत 2080, 22 जनवरी के शुभ दिन प्रभु श्रीरामलला अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह वाले दिन अपने घर की साज सज्जा करने रंगोली बनाने एवं रात्रि के समय दीपमालिका जलाने का आग्रह किया। साथ ही अपने पास के किसी मंदिर में प्राण- प्रतिष्ठा समारोह को लाइव देखने रामधुन भजन -कीर्तन इत्यादि करने का भी आग्रह किया। ज्ञात हो कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आग्रह पर विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता अपने संपर्क अभियान के दौरान हिंदू समाज से यह आग्रह कर रहे हैं कि प्राण- प्रतिष्ठा समारोह वाले दिन 22 जनवरी को अयोध्या न जाकर अपने मोहल्ले के मंदिर को ही अयोध्या मानकर पूजन भजन - कीर्तन इत्यादि करें। प्राण प्रतिष्ठा के दिन के बाद प्रभु श्री रामलला के दर्शन करने हेतु अपने अनुकूल समयनुसार अयोध्या में परिवार सहित पधारें और श्रीराम की कृपा प्राप्त करें।

## दुष्कर्म के आरोपी को सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वर्ष 2022 में थाना त्योंदा में एक नाबालिग बच्ची उम्र 11 वर्ष के साथ सौतेली मां के सहयोग से सौतेले पिता द्वारा दुष्कर्म करने की पुलिस को शिकायत मिली थी। शिकायत मिलने पर थाना त्योंदा में धारा 376(D.B), 376 (2) (च) 506, 323 भादंवि एवं 5(एन)/6,5 (जी)/6 पाक्सो अधिनियम तथा अनुसूचित जाति, एससीएसटी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। अपराध की गंभीरता को देखकर पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रकरण को विवेचना के लिए अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनोज मिश्रा को सौंपा गया एवं प्रकरण को सनसनीखेज अपराध घोषित किया गया। प्रकरण में अनुसंधान उपरांत आरोपी सौतेले पिता राजू उर्फ दीपक ठाकुर एवं मां के विरुद्ध विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम जसवंत सिंह यादव के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां मामले का विचारण एक वर्ष से भी कम अवधि में पूर्ण कर 11 जनवरी को दुष्कर्म के दोषी पिता दीपक ठाकुर को 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं दोषी मां को 6 माह के कारावास की सजा सुनाई गई। उक्त सराहनीय कार्य में पूजा सिंह, सुनील मेहर ने अपराध के अनुसंधान में सहयोग किया। प्रकरण की पैरवी अभियोजन अधिकारी विदिशा प्रतिभा गौतम द्वारा की गई। उक्त जानकारी एसडीओपी मनोज मिश्रा द्वारा दी गई।

## त्योंदा संकल्प यात्रा के दौरान दिखी औपचारिकता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

सरकार द्वारा प्रदेश भर में चलाई जा रही भारत विकसित संकल्प यात्रा का आयोजन त्योंदा में किया गया। लेकिन इस यात्रा में अधिकारी नदारद रहे। कार्यक्रम में ग्रामीणों को बैठने के लिए रखीं कुर्सियां हायर सेकेंडरी कक्षा के विद्यार्थियों से भरी नजर आईं। वहीं विभागीय वरिष्ठ अधिकारी भी इस यात्रा में नहीं पहुँचे, जिससे यह कार्यक्रम औपचारिक ही नजर आया। कार्यक्रम के दौरान टेंट के नीचे टेबल पर एक तरफ आंगनवाड़ी, आशा कार्यकर्ता और दवाइयां रखकर बैठे स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी बैठे हुए थे। वहीं दूसरी ओर छुटपुट कर्मचारी नजर आए। ग्रामीणों की शिकायत के लिए भी यहां कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। कार्यक्रम के दौरान त्योंदा निवासी ग्रामीण जब अपनी शिकायत लेकर इस यात्रा के नोडल अधिकारी के पास पहुंचा तो उन्होंने ग्रामीण से सीएम हेल्पलाइन 181 पर फोन लगाने की बात कहते हुए कहा कि यहाँ शिकायत करने के लिए कोई ऐसा काम नहीं किया जा रहा है। इस बात को सुनकर ग्रामीण को बैरंग घर वापस लौटना पड़ा।

### वेदांत आश्रम में चल रही श्रीराम कथा का चौहदवां दिन

# जिस ईश्वर को तलाश कर रहे हैं वह हमारे हृदय में ही बैठा हुआ है : वेदांती





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेदांत आश्रम में आयोजित विराट शतचंडी महायज्ञ व सरस संगीतमय श्रीराम कथा के चौदहवें दिवस जगतगुरु अनंतानंद द्वाराचार्य स्वामी डॉ. रामकमल दास वेदांती महाराज ने श्रीराम कथा का गायन करते हुए कहा कि श्रीरामचरितमानस में वर्णित धनुष यज्ञ को मानव जीवन के लिए अत्यंत कल्याणकारी बताया गया है। उन्होंने कहा कि हम जिस ईश्वर को तलाश रहे हैं वह हमारे हृदय में ही बैठा हुआ है किंतु हम अभिमान के कारण उसे देख नहीं पाते। हर एक मनुष्य अच्छाइयों का भंडार है। यदि प्रत्येक प्राणी आलस्य का परित्याग कर अपनी अच्छाइयों को पहचान कर उन्हें समाज के उपकार में लगाएं तो उनका अपना भी कल्याण होगा और अपने देश के उत्थान में भी सहायक होगा।

स्वामी वेदांती ने कहा कि रामायण की कथा एक इतिहास तो है ही किंतु इसके साथ ही साथ श्रीराम का चरित्र एक दर्पण के समान भी है। हम श्री राम चरित मानस में वर्णित श्री राम की कथाओं से अपने जीवन को सजा व संभाल सकते हैं। रामायण की प्रत्येक घटना हमारे जीवन में भी अक्सर घटती रहती है। रामायण पढ़ने वाले उनसे बहुत कुछ सीख कर अपने आप को संभाल लेते हैं। धनुष यज्ञ के माध्यम से स्वामी जी ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति सीता को ही प्राप्त करने के लिए संघर्षशील है। सीता के चार रूप संतों ने बताएं हैं। सीता जीवन की शांति है, सीता संतो की शक्ति है ,सीता ही शक्ति तथा लक्ष्मी भी है। और हम लोग इन चारों में से ही किसी न किसी रूप में सीता को पाना चाहते हैं। किन्तु राम चरित मानस में कहा गया है कि जब तक हम अपने हृदय रूपी मिथिला में रखा हुआ अभिमान का धनुष तोड़ नहीं लेते तब तक सीता को प्राप्त करना सर्वथा असंभव है। धनुष को तोड़ने के लिए जब एक एक राजा स्वयं में समर्थशाली नहीं हुए तो दस हजार राजाओं ने एक साथ मिलकर धनुष को तोड़ना चाहा किंतु फिर भी वह धनुष को तोड़ना तो दूर रहा धनुष को हिला भी ना सके। धनुष भी अभिमान का रूप है और राजागण भी अभिमान में भरे हुए थे। अभिमानी ही अभिमान को कैसे तोड़ सकता है। जब राजा लोग धनुष को न हिला सके तब राजा जनक ने आक्रोश में भरकर पृथ्वी को वीर विहीन कह डाला।

यह बात श्रीराम को अपना गौरव मानने वाले लखन लाल बर्दाश्त ना कर सके और उन्होंने भरी हुई सभा में राजा जनक को फटकारते हुए कहा कि जहां साक्षात ईश्वर राम के रूप में बैठे हुए हो वहां ऐसी बात नहीं की जानी चाहिए और फिर बाद में विश्वामित्र के आदेश को प्राप्त कर श्री राम ने सभी को प्रणाम कर कठिन कोदण्ड धनुष को तोड़कर राजाओं के अभिमान को चकनाचूर कर दिया। समाज के श्रेष्ठ कार्य वे ही लोग कर पाते हैं जो जीवन में निर्भीमान तथा दूसरों को सम्मान देने वाले होते हैं। कथा कार्यक्रम में स्वामी वेदांती के आह्वान पर नगर के सभी स्कूलों के बच्चे, राम, लक्ष्मण, सीता, शिव , रुक्मणी, विवेकानंद इत्यादि अनेकों रूपों को धारण कर जब कथा मंच पर उपस्थित हुए तो अद्भुत दृश्य बन गया। इस दृष्टांत से बालकों को महापुरुषों के आचरण को अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा मिली।

## धूमधाम से मनाया गया लाल लोई का त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वाधान में प्रतिवर्ष अनुसार लाल लोई (इसको छोटी होली का रूप दिया गया है) का पवित्र पावन त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। यह त्यौहार प्रतिवर्ष 13 जनवरी को ही मनाया जाता है। लाल लोई के पवित्र पावन त्यौहार के उपलक्ष्य में छोटी होली जलाने के पूर्व उस स्थान को रंगोली द्वारा सजाया जाता है। अपनी इच्छाओं और भावनाओं को लेकर श्रीफल उस पवित्र अग्नि में डाल कर ईश्वर से प्रार्थनाएं की जाती हैं। तत्पश्चात आरती - पल्लव पाकर सुख समृद्धि के लिए अरदास की जाती है। छोटी होली जलाने के बाद बड़े बुजुर्ग-बच्चे एवं महिलाएं मंगल गीत गाते हुए, उसकी परिक्रमा करते हैं। इस अवसर पर संरक्षक मंडल से लालचंद वासवानी, जमीयत राय तनवानी, कन्हैया लाल वासवानी, पंचायत के अध्यक्ष प्रदीप खटवानी , सचिव सुरेश तनवानी, सह सचिव राकेश कटारिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर उधाणी, कोषाध्यक्ष दिलीप तनवानी, मीडिया प्रभारी श्याम वाधवानी, राजकुमार मलकानी, मुरली वाधवानी, प्रकाश वाधवानी, मनोज वासवानी, खेमचंद मेहता, विशाल तनवानी, दीपू तनवानी, नरेश कटारिया, बंटी लालवानी, हर्ष तनवानी, निखिल मलकानी, राम वाधवानी, पुशान तनवानी, सोनू गोपलानी, यश मेहता, हर्ष काशला, मयूर मेहता, तरु खिलवानी, पिंटू मेहता, राहुल वाधवानी, सनी वाधवानी, यशिका लालवानी, नेन्सी घिन्घानी, पूजा काशला , महक वाधवानी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित थे।

### रामजी के सामने सरल बनकर रहिए : रमा किशोरी



**गंजबासौदा।** ग्राम नोघई सतधारा घाट वेत्रवती तट पर चल रही संगीतमय श्री रामकथा के तृतीय दिवस में परम पूज्य राधा स्वरूपा रमा किशोरी ने राम जन्म के कई कारण बताए। उन्होंने कहा की मनु सतरूपा ने तपस्या की तब भगवान उनके घर आए भगवान को हम अगर प्रेम से भरोसे के साथ बुलाए तो भगवान जरूर आएंगे। आज भी अगर व्यक्ति प्रहलाद की तरह कह दें की इस खम्भे में मेरा भगवान हैं, तो भगवान प्रकट हो जायेंगे, पर कहे तो, भरोसा तो हो। मनु सतरूपा ने कठोर तपस्या की तब भगवान आए। कथा के दौरान श्री राम का जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया।

## गंदगी देख अधिकारियों को लगाई फटकार, स्वयं मंदिर परिसर की सफाई करने जुटे

# प्रधानमंत्री के आह्वान पर तीर्थ क्षेत्र देवपुर धाम सफाई करने पहुंचे विधायक उमाकांत शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर देष भर में मंदिरो व तीर्थ क्षेत्रों पर चलाए जा रहें स्वच्छता अभियान के अंतर्गत क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा देवपुर धाम पर पहुचें जहा उन्होने स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेकर स्वंय साफ-सफाई करने में जुट गए। साथ ही देवपुर धाम में मकर सक्रांति पर आयोजित होने वाले भव्य मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अधिकारियों को दिषा निर्देष दिए। वही सफाई व्यवस्था को लेकर विधायक ने असंतोष व्यक्त करते हुए अधिकारी,कर्मचारियों को फटकार लगाई तो वही आम नागरिकों से सफाई के लिए अपील की। वही उन्होने कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम भगवान का प्राण प्रतिष्ठा होने है उस दिन तीर्थ क्षेत्र धाम देवपुर ऐसा सजना चाहिए कि पूरे देष में देवपुर धाम की लोग प्रसन्नसा करें।

### देवपुर धाम मेले की व्यवस्थाओं को देख जताया असंतोष

मकर सक्रांति पर्व के अवसर पर तीर्थ क्षेत्र धाम देवपुर में लगने वाले विषाल मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए विधायक उमाकांत शर्मा प्रषासनिक अधिकारियों के साथ देवपुर पहुचें और मेले की व्यवस्थाओं को देख भडक उठे। उन्होने कहा कि मेले को लेकर विभागीय अधिकारियों की कोई बैठक आयोजित नही की। यह काम अनुविभाग के अंतर्गत आता है अकेले पटवारी की बैठक लेने से मेले की व्यवस्थाओं नही हो पाएगी। एसडीएम कार्यालय का कर्तव्य यह होता है कि वह समस्त विभागों का समन्वय करें आखिर बैठक क्यो नही की गई। वही उन्होने तत्काल मेले व मंदिर परिषर में लगने वाले कर्मचारियों की डयूटी का चार्ट मंगाया। उस चार्ट को देखकर भी असंतोष जाहिर करते हुए कुछ कर्मचारियों को नोटिस देने के निर्देष दिए। वही विधायक उमाकांत शर्मा ने जनपद पंचायत सीईओ श्रीमति वंदना शर्मा से जानकारी लेकर पूछा तो वह भी सही सही उत्तर नही दे पाई। जो जिम्मेदारी जनपद सीईओ की होती है वह सारी जिम्मेदारी उन्होने पंचायत सचिवों पर उतार दी और सीईओ ने अपना पल्ला झाड लिया। वास्तविकता तो यह थी कि तीर्थ क्षेत्र देवपुर जनपद पंचायत के अंतर्गत आता




है लेकिन जनपद सीईओ ने सिर्फ पत्रों के माध्यम से ही व्यवस्थाए कर बैठ गई। वही उनके धरातल पर व्यवस्थाओं का जायजा न लेने की वजह से मेले में अव्यवस्थाओ को देखा गया। एक दिन पूर्व इस स्थान पर जो बैनर लगें थें। वही ऐसी जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त बैनर पर देष के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेष के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव,पंचायत मंत्री पहलाद पटेल के फोटो नही लगें थें। यदि पहले से ही जनपद पंचायत सीईओ द्वारा व्यवस्थाओं का जायजा लिया होता तो विधायक उमाकांत शर्मा को निरीक्षण के दौरान इतनी अव्यवस्था देखने नही मिलती।



#### *स्वयं की सफाई*

*प्रधानमंत्री के आव्हान पर मंदिरो पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत विधायक शर्मा ने देवपुर पर जब गंदगी देखी तो वह स्वंय झाड़ू उठाकर सफाई करने लग गए। वही अधिकारियों और कर्मचारियों को फटकार भी लगाई और आम नागरिकों के अलावा सभी मंदिरों के पुजारी व व्यवस्थापको से निवेदन किया कि आगामी 22 जनवरी को देवपुर के समस्त मंदिरों की साफ सफाई कर इतने सुदंर और स्वच्छ बनाए कि मंदिरों की सफाई व सुंदरता का नाम पूरे देष में हो।*

#### *बताया तीर्थ क्षेत्र धाम देवपुर का महत्व*

*विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि तीर्थ क्षेत्र धाम देवपुर हमारे क्षेत्र में जन जन की आस्था का केन्द्र बिन्दु है और यह स्थान हरिहर मिलन का है। इस स्थान को काषी विष्वनाथ के भांजे के रूप में भी पहचाना जाता है और तीर्थ करने वाले श्रद्धालु जब तक यहां जल नही चढाते तब तक उनकी यात्रा पूर्ण नही मानी जाती है। सतयुग तथा द्वापर युग से यहा का संबंध रहा है।*

## एडवोकेट बोहत ने लिखा पत्र

# कांग्रेस की सदस्यता लेते वक्त घोषणा पत्र पर अमल नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

कांग्रेस की साधारण अथवा सक्रिय सदस्यता की जो रसीद काटी जाती है,उस रसीद को कटवाने वाले कार्यकर्ता को यह घोषणा करना पड़ती हैं ,जिसमें 10 घोषणाएं शामिल हैं उक्त घोषणाओं में सदस्य बनने वाले को 18 वर्ष से अधिक उम्र का होना आवश्यक है, साथ ही खादी पहनने का आदी होना आवश्यक है, मादक पेयों और नशीले पदार्थों से दूर रहना आवश्यक है, लेकिन अधिकांश लोग मादक पेयों या नशीले पदार्थो का सेवन करते हैं । इसके अलावा सामाजिक भेदभाव नहीं करने की बात भी घोषणा में की जाती है लेकिन कूट-कूट के सामाजिक भेदभाव उनके मन में रहता है और वह इसे मिटाने के लिए अपने जीवन में एक बार भी कोई संघर्ष नहीं कर पाते हैं या प्रयास नहीं करते हैं, जबकि वह खुद सामाजिक भेदभाव जबरदस्त तरीके से करते हैं इसके अलावा घोषणा पत्र में धर्म जाति के भेदभाव से दूर रहना एक सूत्र में बंधे समाज में विश्वास करना आदि की घोषणा भी की जाती है जिसका पालन नहीं किया जाता घोषणा पत्र में कार्य समिति द्वारा निर्धारित न्यूनतम कार्यों को करने के लिए तैयार रहने की बात भी कही गई है और कहा गया है कि वह शारीरिक श्रम भी करेंगे लेकिन कुछ को छोड़कर कोई भी कार्यकर्ता या नेता जमीन पर शारीरिक श्रम करते हुए नहीं दिखता इस तरह से उनकी घोषणा बेकार हो जाती है। घोषणा में कहा गया है की घोषणा करता के पास जो जाययाद की कानूनी तौर पर निर्धारित अधिकतम सीमा से अधिक कोई जायजाद नहीं है होगी। इसमें कहा गया है धर्मनिरपेक्षता, समाजवाद, और जनतंत्रबाद के सिद्धांतों में विश्वास रखता हूं, उनको आगे बढ़ाने के लिए कार्यकर्ता हूं। प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से खुले तौर पर या किसी प्रकार से केवल पार्टी मंचों को छोड़कर कहीं भी पार्टी की स्वीकृत नीतियों और कार्यक्रमों का विरोध या आलोचना नहीं करूंगा लेकिन खुलेआम चौक चौराहों पर मंचों पर पान की दुकानों पर कांग्रेसी ही कांग्रेस का विरोध करते नजर आते हैं यह सार्वजनिक विदित है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा स्वीकृत पत्रिका का नियमित ग्राहक बनने की बात भी कही जाती है जो 100 में से 5 परसेंट कार्यकर्ता भी नहीं होते



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संविधान के अंतर्गत निर्धारित शर्तों और बनाए गए नियमों का पालन करने की घोषणा भी सदस्यता लेने वाला व्यक्ति करता है। जिसका अक्षरशा पालन नहीं किया जाता। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री एवं पूर्व विधानसभा कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष बोहत एडवोकेट ने कहा कि जो भी व्यक्ति सदस्यता लेते हैं विधिवत रसीद कटवाते हैं,उन्हें यह घोषणा करनी पड़ती है लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि अपनी ही घोषणा जो लिखित में हम करते हैं उसका पालन नहीं करते और अनेकों नेताओं को यह घोषणाओं का ज्ञान भी नहीं है कि वह सदस्यता लेते समय किन घोषणाओं पर अपने हस्ताक्षर करके अपनी सहमति दे रहे हैं। एडवोकेट सुभाष बोहत ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव भंवर जितेंद्र सिंह, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ, दिग्विजय सिंह को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि वह कांग्रेस की साधारण अथवा सक्रिय सदस्यता लेने वाले वरिष्ठ नेताओं से उनके द्वारा की गई घोषणा में दिए गए 10 बिंदुओं पर घोषणा अमल नहीं करता और कांग्रेस के विरुद्ध कार्यकर्ता है उसको नोटिस जारी कर कांग्रेस की नीति रीति पर चलने का आदेश दिया जाए और जो व्यक्ति अपनी घोषणा के विरुद्ध कार्य करता है उसके खिलाफ कांग्रेस के संविधान के नियम अनुसार कार्यवाही की जाए जो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संविधान में हमें निर्देशित किया गया है।

## तैयारियों में जुटे बजरंग दल कार्यकर्ता

# मुख्य बाजार में दुकान-दुकान जाकर व्यापारियों को वितरित किए अक्षत




**सिरोंज।** विष्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के तत्वाधान में रविवार को नगर के मुख्य बाजार में श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र से आए पूजित अक्षत पीले चावल का वितरण किया गया।

नगर के छत्री नाका चौराहा हनुमान मंदिर से विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने दुकान दुकान जाकर व्यापारी बंधुओ को अक्षत देकर 22 जनवरी को दीपावली जैसा पर्व मनाने का आग्रह किया। वही कार्यकर्ताओं ने छत्री नाका चौराहा स्थित हनुमान मंदिर से मुख्य बाजार,कष्टम पथ,कठाली बाजार,बड़ा बाजार,चांदनी चौक,राज बाजार,नगर पालिका से होते हुए सुभाष नगर हाजीपुर,लिंक रोड से पुन छत्री मंदिर पहुचकर हनुमान चालीसा पाठ कर अक्षत वितरण कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर संगठन के विभाग सामाजिक समरसता प्रमुख राकेश सक्सेना,बजरंग दल जिला संयोजक जगदीश शाक्य,जिला प्रिंट मीडिया प्रमुख प्रदीप राठौर,मंदिर प्रमुख विनोद शर्मा,वरिष्ठ समाजसेवी प्रशांत पालीवाल,जिला संयोजक कु. चारु सोनी,प्रखंड अध्यक्ष अनिल राठौर, प्रखंड मंत्री तुलसी नारायण शाक्य, प्रखंड संयोजक रोहित यादव,मनोज प्रजापति, गौरव सोनी,अशोक साहू दिनेश साहू,मुकेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

# स्वच्छता शिविर के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर को किया स्वच्छ

**सिरोंज।** उच्च शिक्षा मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता को बढ़ाने के लिए शासकीय लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर की इकाई ने संयुक्त रूप से महाविद्यालय में स्वच्छता शिविर का आयोजन किया। शिविर में एनएसएस,एनसीसी, स्पोर्ट्स के विद्यार्थियों के साथ स्टाफ ने महाविद्यालय परिसर की सफाई की। महाविद्यालय को पॉलिथीन मुक्त कर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लालचंद राजपूत ने जानकारी दी कि 21 जनवरी 2024 तक महाविद्यालय में लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। कार्यालय, क्लास रूम, प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, बाथरूम, जिम, गार्डन सभी जगह की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव ने कहा कि महाविद्यालय को पर्यावरण की दृष्टि से सुंदर एवं स्वच्छ बनाने के लिए जन भागीदारी समिति पूरा सहयोग करेगी। स्वच्छता शिविर का नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी महेश चंद्र परमार एवं एनसीसी अधिकारी महेश भाबोर ने किया। वही इस अवसर पर डॉ आर के वाखला,दीपक सोलंकी, डॉक्टर कल्पना पंचोली,संजय वर्मा आदि मौजूद थे।

# धाम देवपुर में भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी, मेले का उठाया लुत्फ



**सिरोंज।** तीर्थ क्षेत्र धाम देवपुर में शनिवार शाम से ही भक्तों का पहुंचना प्रारंभ हो गया था। रविवार को प्रातः सैकंड़ो भक्तों ने देवपुर धाम में पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाई। एवं मेले का लुफ्त उठाया। रविवार को प्रातः कई भक्त नंगे पैर बाबा के जयकारे लगाते हुए विष्वनाथ धाम पहुंचे तो कई मंडलिया भजन कीर्तन करते हुए पहुंचे। इस बार मकर सक्राति 14-15 जनवरी के चलते कई भक्त रविवार को धाम देवपुर नही पहुंचे। वही रविवार को प्रातः 7 बजे से ही मंदिर परिषर भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली। कई भक्तों ने श्रध्दाभाव से कुण्ड में स्नान कर डुबकी लगाई। मंदिर में दर्षन के लिए दिनभर भक्तों की कतारे लगी रही। इस बीच बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा। वही देवपुर मेले के पहले दिन मेले में भारी भीड़ भाड़ देखने को मिली। इस बीच लोगों ने मेले में जमकर खरीदारी की, तथा कई ने झूलो का आनंद लिया। समिति के सदस्यों द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई,जिनके द्वारा मेला स्थल पर पैनी नजर बनाए हुए थे।

### नवनिर्मित यज्ञ शाला का शुभारंभ एवं वार्षिक उत्सव होगा

कुरवाई। वेद मंदिर आर्य समाज कुरवाई में महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वी जयंती के उपलक्ष में अनेक कार्यक्रम किए जा रहे हैं। आगामी 17 से 22 जनवरी तक आर्य समाज के वार्षिक उत्सव के साथ ही वेद मंदिर आर्य समाज कुरवाई में साहू परिवार के द्वारा नवनिर्मित विशाल यज्ञशाला का शुभारंभ होगा, आयोजन में अनेक वैदिक विद्वान कुरवाई पधार रहे हैं। इस मौके पर सुप्रसिद्ध भजन उपदेशक श्रीमती रिचा शास्त्री, तथा वैदिक विद्वान आचार्य विवेक शास्त्री आगरा के प्रवचनों का लाभ जनमानस को मिलेगा। मध्य भारतीय आर्य प्रतिनिधि सभा के उपमंत्री अधिवक्ता ओम प्रकाश आर्य ने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वी जयंती के उपलक्ष में आर्य समाज कुरवाई के वार्षिक उत्सव के अवसर पर वेद मंदिर आर्य समाज कुरवाई में अनेक भव्य आयोजन किए जा रहे हैं, आर्य समाज कुरवाई के पूर्व संरक्षक स्वर्गीय राजाराम साहू एवं उनकी धर्मपत्नी स्व श्रीमती काशीबाई साहू की स्मृति में साहू परिवार के द्वारा बनवाई गई नवनिर्मित यज्ञशाला भवन का शुभारंभ करते हुए एक सप्ताह तक विशेष महायज्ञ एवं प्रवचन के कार्यक्रम होंगे।

# सूर्यनगर के मुख्य बाजार में संपर्क कर अक्षत वितरित किए



हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

22 जनवरी को अयोध्या में रामलाला की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त सूर्यनगर के मुख्य बाजार में संपर्क कर अक्षत वितरण किया गया। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने नगर में श्रीराम के जयकारों व ढोल धमाका के साथ जनसम्पर्क कर जिसमें सभी व्यापारियों से 22 जनवरी को अपने प्रतिष्ठानों को फूल मालाओं से सजाने दीपमाला लगाने एवं दीपावली मनाने तथा नगर के प्रत्येक मंदिर पर 11 से 1 बजे के मध्य पूजन आरती करने का आग्रह किया।

सूर्यनगर के 15 वार्डों के 2212 परिवारों में अक्षत घर घर पहुंचाए गए हैं इस अभियान में नगर की 15 टोलियों में 310 कार्यकर्ता तथा सैकड़ों रामभक्त ने इस अभियान में भाग लिया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप माहेश्वरी, विनोद विश्वकर्मा, रितिक कुशवाह, लोकेंद्र राजपूत, दीपक मेहर, रंजीत पाल, लोकेश विश्वकर्मा, प्रदीप कुशवाह, मनमोहन मीणा , रोहित साहू, राजकुमार प्रजापति, भगत राजपूत, राजेश धाकड़, दीपक विश्वकर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### मंदिरों में तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित




**कुरवाई।** 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर कुरवाई क्षेत्र के समस्त मंदिरों एवं ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र में भव्य तैयारी के बीच इस त्यौहार को मनाने की तैयारियों को लेकर रविवार को क्षेत्रीय विधायक हरि सिंह सप्रे ,जनपद अध्यक्ष महाराज सिंह दांगी ,अनुविभागीय अधिकारी मनोज प्रजापति तहसीलदार संदीप शर्मा,टी आई जसवंत मीणा, जन भागीदारी समिति अध्यक्ष सीताराम सैनी की उपस्थिति में समस्त कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्देश दिए गए कि समस्त राम मंदिर हनुमान मंदिरों वाल्मीकि मंदिर आदि में राम कथा भजन कीर्तन कार्यक्रम सुनिश्चित कराए जाएं । समस्त मंदिरों की साफ सफाई पार्किंग व्यवस्था की पूर्ण रूप से व्यवस्था की जा रही है बैठक में नगर परिषद कर्मचारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं स्टाफ मौजूद रहा।

# रेत के ओवरलोड डंपरों के आवागमन से बगलवाड़ा सड़क गड्ढों में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

पिछले महीनों में जिस प्रकार नर्मदा तटवर्ती ग्रामों से बिना रायल्टी, मनमाने ढंग से नर्मदा तटो से रेत का मशीनों से उत्खनन और ओव्हर लोड डम्फरों, ट्रेक्टर ट्रालियों से दिन रात अवैध परिवहन हुआ, उससे नर्मदा तटवर्ती मार्गो की हालत क्षतिग्रस्त, गड्ढो में तब्दील होकर आवागमन सुविधा के स्थान पर भारी परेशानी और वाहनों में टूटफूट का कारण बन रही है।

### करोड़ों की सड़कें बर्बाद

क्षेत्र के केतोघान, अलीगंज, मांगरोल, सोजनी, डूमर, सतरावन, मौतलसिर सहित अन्य नर्मदा तटो से प्रतिदिन भारी मात्रा में नर्मदा रेत की अवैध मशीनों से खुदाई कर 10-12 फीट ऊंचे डंफरों में ओव्हर लोड रेत भरने का अवैध कारोबार जारी रहा। बिना रायल्टी मुफ्तकी रेत को नर्मदा तटो से भरने के नाम पर



अनेक सक्रिय गिरोहों द्वारा अवैध रूप से राशि वसूली का खेल चलता रहा। पिछले दिनों बौरास में अवैध राशि वसूली का मामला सामने आया। पुलिस में प्रकरण भी दर्ज हुआ। ऐसी ही स्थिति विभिन्न नर्मदा तटो, तटवर्ती स्थानों, मुख्य मार्गो पर बनी रहती है। सेकडो ओवर लोड डंपरों, ट्रेक्टर ट्रालियों के आवागमन से नर्मदा तटवर्ती ग्रामों, ग्रापं. में लाखो, करोड़ों की लागत से बनी सड़के क्षतिग्रस्त होकर बड़े बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई। सबसे अधिक खराब गड्ढों भरी स्थिति बरेली बगलवाड़ा मार्ग की बनी हुई है। नगर एवं क्षेत्र के निवासियों के लिए सबसे कम दूरी वाला बगलवाड़ा मार्ग गहरे गड्ढों में तब्दील हो गया है। वाहनों का आवागमन और क्रांसिंग अत्याधिक जोखिम भरी होने से कभी भी हादसा होने की संभावना है। आज भारी संख्या में वाहन और हजारों श्रद्धालु इस मार्ग पर सफर करने मजबूर रहेंगे।

### रचना, संवाद और मुलाकात कार्यक्रम

विदिशा। कल और साहित्य प्रेमियों की संस्था प्रयास के तत्वावधान में जिले भर के साहित्यकारों और कला प्रेमियों और रसिकों का संगमन हुआ। इस जिला स्तरीय काव्य उत्सव में में लगभग 75 रचनाकारों ने अपना रचना पाठ डॉ जगमोहन शर्मा की अध्यक्षता और डॉ शीलचन्द पालीवाल के विशिष्ट आतिथ्य में किया। काव्य संगम में जिले के बासौदा ,सिरोंज,लटेरी,नटेरन आदि के कवियों ने अपनी रचनाओं का पाठ किया। उपस्थित वरिष्ठ सदस्यों और संस्था द्वारा पांच शीर्ष साहित्यकारों के सम्मान किए गए । इसमें गोवर्धन लाल श्याम के नाम से दिया जाने वाला सम्मान जगदीश श्रीवास्तव को, राजकुमार जैन सम्मान दिया गया बुंदेली कवि गोवर्धन राजोरिया को। बाल साहित्यकार एवं समकालीन कविता के कवि घनश्याम मुरारी पुष्प के नाम पर सम्मान दिया गया बासोदा के कवि श्री चंद्र कुमार तारण को। विदिशा के शीर्ष शायर लल्लू सिंह हैरां के नाम पर आधारित सम्मान शायर निसार मालवी को दिया गया। युगल श्रीवास्तव को शंभू दयाल शर्मा विमल के नाम से सम्मान दिया गया। आयोजन की मेजबानी करते हुए प्रयास के अध्यक्ष कामरेड माधो सिंह ने कहा कि इस आयोजन से विदिशा के रचनात्मक संसार को एक गति मिलेगी।

# पर्यावरण और गुणवत्ता युक्त शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने स्प्रिंगफील्ड स्कूल के 200 छात्रों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने पर्यावरण और गुणवत्ता युक्त शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने रविवार को साइकिल रैली का आयोजन किया। रैली में लगभग 200 छात्र सहित शिक्षकों ने भाग लिया। स्कूल के चैयरमैन योगेंद्र सिंह राणा, डायरेक्टर करण राणा, डायरेक्टर मीनल राणा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाने के लिए विदिशा के समाजसेवी मनोज शर्मा, राजकुमार शर्मा, शिवकुमार तिवारी, जीवन कुशवाह आदि ने फूल वर्षाकार एवं फ्रूटी बिस्कुट वितरण कर रैली का स्वागत किया। स्कूल के प्राचार्य विनय अग्रवाल ने बताया की इस रैली का मुख्य मुख्य उद्देश्य लोगों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। रैली के माध्यम से समाज में यह संदेश दिया की शिक्षा ही एकमात्र अस्त्र है जिसके द्वारा हम जीवन को प्रकाशमान कर सकते हैं। हर विद्यार्थी को इस योग्य बनना चाहिए कि वह हिंदी और अंग्रेजी को पढ़ सके समझ सके और लिख सके। हर विद्यार्थी के



अंदर तार्किक क्षमता का विकास हो, समाज में स्वीकार किए जाने वाला आचरण , शारीरिक क्षमता का विकास हो सके। कला एवं संस्कृति का ज्ञान सही एवं गलत को पहचानने का ज्ञान हो सके। यह रैली स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल से प्रारंभ होकर रामलीला चौराह , बड़ा बाजार , माधवगंज चौराह , पीतलमील चौराह , विदिशा बायपास से होते हुए सांची , सांची से उदयगिरि जंगल रिजॉर्ट पहुंची। जहां बच्चों ने एडवेंचर एक्टिविटीज की एवं लंच किया। इसके बाद रैली स्प्रिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल पर समाप्त हुई।

### अनुभव जैन ने चार्टर्ड एकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण की

बरेली। गुरूकुल सीबीएसई स्कूल के पूर्व छात्र अनुभव जैन ने चार्टर्ड एकाउन्टेंट की परीक्षा उत्तीर्ण कर नगर एवं स्कूल का नाम रौशन और गौरन्वित किया है। जैन ने अपनी



प्रारंभिक शिक्षा गुरूकुल स्कूल में प्राप्त की इंदौर से सीए की तैयारी कर सफलता अर्जित करने पर स्कूल स्टाफ, छात्र-छात्राओं में भारी हर्ष बना हुआ है। उनकी बहन मुस्कान जैन ने भी गुरूकुल स्कूल में शिक्षा प्राप्त की और पूर्व में सीए परीक्षा उत्तीर्ण कर चुकी है। दौनो भाई बहिन द्वारा सीए परीक्षा उत्तीर्ण होने पर गुरूकुल के संचालक प्रशांत राठी, स्कूल परिवार द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई और उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# मकर संक्रांति आज : नर्मदा तटों पर हजारों श्रद्धालु नर्मदा मैया में लगाएंगे पुण्य डुबकी

## बगलवाड़ा में चल रही भागवत कथा, पिंड़ भरते, पैदल और वाहनों से पहुंच रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

इस वर्ष 14 को कम और 15 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्वकाल होने से श्रद्धालु अपनी श्रद्धा आस्था के साथ नर्मदा तटो पर पुण्य की डुबकी लगाने का प्रयास करते नजर आ रहे है। मकर संक्रांति पर शीत का जोर कमजोर होने के साथ निकली तेज धूप से क्षेत्र के निवासी राहत महसूस करते रहे।

बरेली तहसील का कुछ हिस्से में नर्मदा मैया पूर्व से पश्चिम दिशा में बहने के कारण नर्मदा तट स्थित ग्राम बगलवाडा, मांगरोल, सतरावन, सोजनी, डूमर के तटो पर स्नान का विशेष महत्व माना गया है। सदियों से नर्मदा तट बगलवाडा, डूमर साधु संतो की तपस्या स्थली रहने के साथ



बगलवाडा में मेला भरने की परंपरा रही है। मकर संक्रांति के पर्व पर देवरी, उदयपुरा, बरेली, बाड़ी तहसीलों के दर्जनों नर्मदा तटो पर नर्मदा मैया के पुण्य की डुबकी लगाने हजारो हजार नर-नारियों की उपस्थिति रहेगी।

### रामजानकी मंदिर पर चल रही भागवत कथा

संक्रांति पर्व से पूर्व से माँ नर्मदा के उत्तर तट स्थित ग्राम बगलवाडा के श्री जानकी मंदिर में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। प्रतिदिन कथा श्रवण हेतु आसपास के ग्रामों से श्रद्धालु नर-नारियों की उपस्थिति हो रही है। कथा के दौरान 1008 महामण्डलेश्वर गिरीशदास जी महाराज ब्रम्हचारी निःशेषानंद महाराज, महंत विनयदास जी महाराज, कथा व्यास दामोदर उपाध्याय द्वारा भागवत कथा के माध्यम से धर्म संस्कृति और जीवन में किस प्रकार सदकार्य कर सफल बनाया जाए, उपायों का वर्णन किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### शुभम के जन्मदिन पर शुभचिन्तकों ने दी बधाई

**बाड़ी।** बाड़ी भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री शुभम चौहान का आज 15 जनवरी को 23वां जन्मदिन दिन है। शुभचिंतक उन्हें लल्ला भैया के नाम से पुकारते हैं। सहज सरल व्यवहार होने के कारण वह आम लोगों में काफी लोकप्रिय है। भाजपा युवा मोर्चा में अनेक पदों



पर सुशोभित होकर भाजपा के कर्मठ सिपाही सभी बड़ों को सम्मान और छोटों को स्थान देते है। समाज सेवा का निर्भयता से संकल्प लेकर समाज सेवा का सतत परिश्रम करने वाले संघर्षशील युवा नेता शुभम चौहान को पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र तिवारी, अनिल सोनी, राम कुमार ठाकुर, रजी थॉमस, रमेश सिंह, वरिष्ठ पत्रकार मनोज शर्मा, जीतू तोमर, भगवान सिंह तोमर, दीपक टेकाम, मिथुन मेहरा, संदीप श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव, दीपक चौहान, राजेश मालवीय, राजुल तिवारी, शरद साहू सहित अनेकों लोगों ने उनके जन्मदिन के एक दिन पूर्व ही उनके निज निवास पहुंचकर बधाई दी।

### पुरानी रंजिश पर युवक को मारने की धमकी

**सलामतपुर।** कालीटोर पिपरई में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक के साथ गाली गलौच और जान से मारने की घमकी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाने में आवेदन देकर 7 लोगों पर मामला दर्ज कराया है। जानकारी अनुसार कालीटोर पिपलई निवासी सौदान सिंह पिता मुन्नालाल जाटव उम्र 32 वर्ष के साथ गांव के हरि सिंह लोधी, ऋतिक लोधी, राजेश लोधी, मनीष लोधी, बृजेश लोधी, रवि लोधी व अरुण लोधी ने पुरानी रंजिश को लेकर सौदान सिंह को जान से मारने की धमकी व गाली गलौच कर दी। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर सातों आरोपियों पर मामला पंजीबद्ध किया है।

### प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर बैठक का आयोजन

**गैरतगंज।** 22 जनवरी अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर भव्य तैयारियां की जा रही है। इसी को लेकर रविवार दोपहर एसडीएम श्रीमति पल्लवी वैध द्वारा समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियो एवं वरिष्टजनो की बैठक आहुत की गई। जिसमें 16 से 21 जनवरी तक राम कीर्तन, यात्रा, प्रभात फेरिया, दीपोत्सव, धार्मिक स्थलों पर साफ सफाई धार्मिक आयोजन व टीव्ही स्क्रीनो पर राम लला की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण नागरिकों को दिखाया जाये व धार्मिक स्थलों, शासकीय भवनों पर विशेष साज सज्जा लाइटिंग की व्यवस्था एवं स्वच्छता अभियान चलाया जाये। ग्रामो, कस्वो मे भी इस आयोजन को सफल बनाने के प्रयास किये जाये। बैठक में एसडीएम पल्लवी वैध, तहसीलदार अंबर पंथी, सीएमओ नंदकिशोर परसानिया, जनपद सीईओ पूनम जैन, नायब तहसीलदार विशाखा चौहान, नप अध्यक्ष जिनेश सिंघई, उपाध्यक्ष अशोक सिंह ठाकुर, नील कंठेश्वर मंदिर के महन्त बाबा महाकाल, नरेन्द्र पटेल, हिउस अध्यक्ष व पार्षद देवेन्द्र पटेल कस्वा सहित अन्य नागरिक मौजूद थे ।

## एशिया द्वीप के सबसे बड़े शिवलिंग को आकर्षक साज-सज्जा से सजाया, मेले के आयोजन को लेकर हो रही तैयारियां



# मकर संक्रांति पर जिले में कई स्थानों पर लगेंगे मेले, पवित्र नदियों में श्रद्धालु करेंगे शाही स्नान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी मकर संक्रांति का पर्व आज सोमवार 15 जनवरी को जिलेभर में उत्साह के साथ मनाया जाने की सनातन धर्मप्रेमियों द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है। मकर संक्रांति के पावन पर्व के उपलक्ष में रायसेन जिले के भोजपुर स्थित एशिया के सबसे बड़े शिवलिंग मंदिर स्थल पर भी विशाल मेले का आयोजन हो रहा है मेले को लेकर भगवान शिव के मंदिर को आकर्षक साज सज्जा से सजाया गया है।

मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में यहां हजारों की तादाद में लोग पवित्र वेतवा नदी में शाही स्नान करने के लिए पहुंचते हैं और इसके पश्चात भगवान शिव के मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचते हैं। यहां आसपास सहित भोपाल के कई दुकानदार भोजपुर मेले में दुकान लेकर पहुंचते हैं।

इसके अलावा रायसेन तहसील के तहत आने वाले सांची मार्ग स्थित जाखापुल एवं बेतवा पुल के पास भी पिछले कई वर्षों से मकर संक्रांति पर मेले का आयोजन होता आ रहा है यहां भी कई दुकानदार अपनी दुकान लेकर पहुंचते हैं और लोग श्रद्धा भावना के साथ पवित्र व्रत में नदी में डुबकी लगाकर शाही स्नान करने के लिए पहुंचते हैं।

इसी क्रम में गैरतगंज तहसील के मावल खोह मंदिर स्थल पर भी मेले का आयोजन होता है यहां भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मेले का आनंद लेने के लिए पहुंचते हैं, सुल्तानपुर के केरवना वन क्षेत्र में भी मकर संक्रांति पर मेला लगता है यहां भी लोग स्नान करने के लिए काफी तादात में पहुंचते हैं।

इसके अलावा रायसेन जिला सीमा क्षेत्र से होकर निकलने वाली पवित्र मां नर्मदा नदी के किनारो बोराज घाट अलीगंज फतेहगढ़ सोकलपुर घाट पर भी मकर संक्रांति के उपलक्ष में मेले का आयोजन होता है यहां भी इस क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग शाही स्नान करने एवं धर्म का लाभ उठाने के लिए बड़ी संख्या में पहुंचते हैं, मकर संक्रांति के पावन पर्व को लेकर जिले भर में उत्साह का वातावरण देखा जा रहा है। मकर संक्रांति का शाही स्नान सोमवार को सुबह 7 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक रहेगा। इसे देखते हुए श्रद्धालुओं ने अपने-अपने स्तर पर तैयारी कर रखी है।


## शिकायत पर सलामतपुर पुलिस ने मामले को लिया जांच में

# खोहा सरपंच के साथ धोखाधड़ी, थाना प्रभारी बताकर डलवाए 99 हजार 500

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

साइबर ठग नित नए नए तरीके अपनाकर लोगों से ठगी कर रहे हैं। कहीं यूपीआई, पेटीएम फ्राड के जरिए लोगों से ठगी की जा रही है तो कहीं रिश्तेदार बताकर लोगों के खाते खाली किए जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है, जहां सलामतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत खोहा से यहां पर खोहा पंचायत के सरपंच एवं सरपंच संघ के अध्यक्ष कालूराम मीणा के पास एक नए नंबर से फर्जी फोन आया। जिसमें सलामतपुर थाना प्रभारी बताकर बोला गया कि मेरी बेटी की किस्त डालना है और मैं आपके खाते में 45 हजार रुपए की राशि डाल रहा हूं आप उस राशि को दूसरे अकाउंट में भेज देना।

सरपंच कालूराम मीणा साइबर ठग के झांसे में आ गए और 5 बार में अपने मोबाइल के फोनपे एप के माध्यम से 99500 रुपये की राशि बताए गए नम्बर पर डाल दी, लेकिन जब उन्हें ठगी का एहसास हुआ तब बहुत देर हो चुकी थी। सरपंच ने तुरंत सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी को फोन लगाया थाना प्रभारी से बात होने के बाद सारा मामला साफ हो गया कि उनके साथ किसी ने




ठगी की है। इस मामले को लेकर थाना सलामतपुर में सरपंच कालूराम मीणा ने एक शिकायती आवेदन दिया है। वहीं सरपंच कालूराम मीणा ने बताया कि सांची विकासखंड के कई सरपंचों के पास साइबर ठग ने फोन किए हैं, मगर ज्यादातर लोग उनके झांसे में नहीं आए हैं।

### 5 बार में ट्रांसफर हुई है राशि

*खोहा पंचायत सरपंच कालूराम मीणा का बैंक ऑफ बड़ौदा में इस अकाउंट नम्बर का 57490100000686 खाता है। उनके पास एक मोबाइल से कॉल आया जिसमें कॉल*



*करने वाले ने खुद को सलामतपुर थाना प्रभारी बताते हुए एक अन्य नम्बर पर राशि ट्रांसफर करने का बोला। सरपंच साइबर ठग के झांसे में आ गए और उन्होंने पांच बार में 99500 रुपए ट्रांसफर कर दिए। पहले 45000, फिर, 10000, 5000, 19500 और 20000 रुपए की राशि बताए गए नम्बर पर ट्रांसफर कर दी। ये नम्बर फ़ोन पे पर प्रिया मार्बल के नाम से शो हो रहा था। और अकाउंट जियो पेमेंट बैंक बता रहा है। फिलहाल पुलिस ने आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है।*

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट...

*भारतीय स्टेट बैंक शाखा सलामतपुर के मैनेजर कृष्णा नरनावरे बताते हैं कि ऐसे मामलों में तुरन्त सबसे पहले पुलिस को सूचना देकर जिस ब्रांच में खाता है वहां पूरे मामले को बताकर जिस खाते में राशि गई है उस खाते को होल्ड करवाएं। ताकि आपके रूपए सुरक्षित रहें। और इसके अलावा किसी भी अंजान लिंक पर क्लिक नहीं करें, ओटीपी या अपने खाते की जानकारी भी शेयर नही करें। इन सभी बातों का ध्यान रखकर आप साइबर अपराधों से बच सकते हैं।*

### मामले की जांच करके आगे की कार्रवाई की जा रही है

*खोहा पंचायत के सरपंच कालूराम मीणा का आवेदन मिला है जिसमें उसके साथ फर्जीवाड़ा करके 99500 रुपए फोनपे के माध्यम से 5 बार मे ट्रांसफर करा लिए गए हैं। उक्त मामले की शिकायत साईबर हेल्प लाइन नम्बर पर भी की गई है। वहीं पुलिस द्वारा भी मामले की जांच करके आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं सलामतपुर पुलिस लगातार स्कूलों व गांवों में लोगों को साईबर फ्रॉड से बचने के तरीके बता रही है। उसके बाद भी ग्रामीण इनका शिकार बन रहे हैं।*

*दिनेश सिंह रघुवंशी, थाना प्रभारी सलामतपुर।*

### अखिल भारतीय परिषद ने नगर में निकाली रैली

**बाड़ी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर आधारित उनके विचारों से प्रभावित होकर विद्यार्थी परिषद ने रविवार को नगर के मुख्य मार्गो से विशाल युवा रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभविप प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सत्यम विश्वकर्मा ,भाग सयोजक आर्यन गुर्जर, नगर अध्यक्ष अमन सोनी, कॉलेज अध्यक्ष पवन गुर्जर ,सभी पदाधिकारी एवं सदस्य इस विशाल युवा रैली में उपस्थित रहे।

## प्रदर्शनी में लोगों को बताए मोटे अनाज यूज के फायदे

*महिला बाल विकास विभाग ग्रामीण अंचलों में करा रही है आयोजन*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नागरिकों को मोटे अनाज का उपयोग करने से होने वाले लाभ को लाभांवित किए जाने को लेकर महिला बाल विकास विभाग के द्वारा ग्रामीण अंचलो में प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है तथा फायदे को विस्तार से परिभाषित किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लगातार मोटे अनाज का उपयोग करने का आव्हाण किया जा रहा है। मोटा अनाज सेहत के लिए लाभदायक बताया जा रहा है। पीएम मोदी के आव्हाण को अमली जामा पहनाने व लोगो को मोटे अनाज का उपयोग करने को प्रेरित किए जाने को लेकर महिला बाल विकास विभाग के द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायत मुख्यालयो पर आयोजित किए जा रहे शिविरों में विभाग द्वारा मोटे अनाज के स्टॉल लगाए जा रहे है।

प्रभारी परियोजना अधिकार आविदा बी ने बताया कि शिविर में मोटे अनाज के स्टॉल लगाए जा रहे है। इन स्टॉलो पर मोटे अनाज तथा उनसे बने व्यंजनो को प्रदर्शित किया जा रहा है। बल्कि शिविर में आने वाले ग्रामीणों को मोटे अनाज को भोजन का हिस्सा बनाए जाने को प्रेरित किया जा रहा है तथा मोटे अनाज से होने वाले लाभ को विस्तार से बताया जा रहा है।

परियोजना अधिकारी ने बताया कि आगंनवाड़ी कार्यकर्ता भी ग्रामीणो को मोटे अनाज का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है। संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न ग्राम पंचायतों में पोषण व्यंजन प्रदर्शनी में नवाचार करते हुये मोटे अनाज से तैयार किये गये व्यंजन की प्रदर्शनी लगाई जा रही है।

# प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को भव्यता प्रदान करने बैठक रखकर की राम मंदिर की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुल्तानपुर

अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर निर्माण बनकर भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के लिए तैयार हो गया है। इसी कार्यक्रम को और भव्यता प्रदान करने के लिए मध्य प्रदेश शासन के धर्मस्थल विभाग द्वारा कार्यक्रम करने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए हैं।

इसी को लेकर रविवार को नगर परिषद कार्यालय में अनुविभागीय अधिकारी चंद्रशेखर श्रीवास्तव द्वारा नगर के समस्त मंदिरों के पुजारी हिंदू से समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नागरिकों की बैठक आयोजित की गई ।जिसमें 22 जनवरी को भगवान राम की अयोध्या मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के समारोह को भव्यता प्रदान करने की रूपरेखा तैयार की। 14 से 22 जनवरी तक हर दिन



मंदिरों में साफ सफाई का कार्य किया जाएगा। साथ ही नगर के 5 मंदिरों जिसमें रामजानकी मंदिर, खेड़ापति माता मंदिर, हनुमान मंदिर नीम बाला कुंआ, राधाकृष्ण मंदिर, मां बैष्णम धाम मंदिर का चयन किया, जिन्हें लाइटों से सजाया जाएगा एवं 22 जनवरी को इन मंदिरों में भव्य आयोजन किया जाएगा। सभी मंदिरों की साफ सफाई के लिए हर दिन विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें नगर के प्रतिष्ठित नागरिक शामिल रहेंगे।

प्रभात फेरी से नागरिकों को 22 जनवरी को भव्यता प्रदान करने जागरूक करेंगे। अनुविभागीय अधिकारी चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने बताया कि लोगों के सहयोग से 22 जनवरी के कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करें एवं आपसी सामंजस्य बनाएं रखें। कार्यक्रम से आपसी भाईचारा बना रहे कोई भी हुड़दंग ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखें। बैठक के बाद लोगों द्वारा स्थानीय राम जानकी मंदिर में सामूहिक साफ सफाई की गई एवं राम मंदिर के फर्श को पानी से धोया गया। राम मंदिर में आयोजित भगवान राम के चरित्र प्रसंग कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष किशोर रामानी विधायक प्रतिनिधि हेमराज मीणा, पूर्व नपं अध्यक्ष कन्हैयालाल गौर, शैलेंद्र जैन, कमलेश राजपाल, राधा कृष्ण आडवानी, सुरेश श्रीवास्तव, ब्रजभूषण राय, हिउस अध्यक्ष कमोद सिंह मीणा, पार्षद विनोद सोनी, कमल गौर तहसीलदार हेमंत शर्मा थाना प्रभारी रनजीत सराठे, सहित समस्त मंदिरों के पुजारी एवं नगर के अनेक लोग उपस्थित रहे।

# सर्राफा व्यापारियों ने मकर संक्रांति पर्व पर व्यापारियों से किया बाजार बंद का आह्वान

## रविवार को सर्राफा व्यापारियों ने बंद रखी अपनी दुकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

नगर के सर्राफा व्यापारियों द्वारा उन्हें बाहरी स्थान के सर्राफा चोरों द्वारा लगातार परेशान करने को लेकर रविवार को समस्त सर्राफा व्यापारियों द्वारा अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखे गए एवं सोमवार को मकर संक्रांति के मौके पर सभी व्यापारियों से अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखने का आह्वान किया है।

रायसेन के सर्राफा व्यापारियों का कहना है कि एक कुख्यात सराफा कर दिलीप मिश्रा नामक व्यक्ति हर कवि सर्राफा व्यापारियों को चोरी के जाल में फसाता है और दूसरे प्रदेशों की पुलिस लाकर कार्रवाई कराता है, इससे परेशान होकर सर्राफा व्यापारियों ने एकमत होकर सोमवार को विरोध स्वरूप



बाजार बंद का सभी व्यापारियों से आह्वान किया है। सर्राफा व्यापारी संघ के अध्यक्ष गोविंद सोनी ने बताया कि उक्त सराफा चोर दिलीप मिश्रा रायसेन आता है और यहां के सर्राफा व्यापारियों को माल बेचने का कहकर दूसरे प्रदेशों की पुलिस लाकर व्यापारियों को नाजायज रूप से परेशान करता है और पैसे की भी मांग करता है पैसे नहीं देने पर उन्हें फसाने की धमकी देता है।

इसी बात को लेकर सर्राफा व्यापारियों में नाराजगी का माहौल है ऐसे तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए व्यापारियों द्वारा रायसेन बाजार बंद का आह्वान किया गया है और सभी व्यापारियों से सहयोग की अपील की है।

## अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ देने निकाली जा रही संकल्प यात्राः डॉ चौधरी

# संकल्प यात्रा के साथ पहुंच रही विकास व जनकल्याण की गारंटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के सागर भोपाल तिराहे स्थित वन परिसर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा द्वारा कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया। वहीं विधायक डॉ चौधरी ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ सभी जरूरतमदों तक पहुंचाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी का रथ विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ पंचायतों और नगरों में पहुंच रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं, गरीबों, किसानों, युवाओं का कल्याण हो रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से हर नागरिक तक सभी सुविधाओं का लाभ पहुंचाने और सभी पात्र नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है।

संकल्प यात्रा के ग्राम पंचायतों और नगरों में पहुंचने पर शिविर लगाए जा रहे हैं, जिसमें सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही आवेदन भी ले रहे हैं। वहीं वैन से लाभार्थियों से जुड़ी सफलता की कहानियाँ आमजन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

### रायसेन में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' शिविर संपन्न







**आईईसी वैन का तिलक कर किया स्वागत**

*विकसित भारत संकल्प यात्रा के रायसेन नगर में पहुंचने पर सर्वप्रथम विधायक डॉ चौधरी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्री यशवंत मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा यात्रा रथ आईईसी वैन पर तिलक लगाकर स्वागत किया। इस आईईसी वैन के माध्यम से लाभार्थियों से जुड़ी सफलता की कहानियाँ, वीडियो संदेश और लघु फिल्में दिखाकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।*

### विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को वितरित किए स्वीकृति पत्र

*शिविर में विधायक डॉ चौधरी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मीणा द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, कल्याणी पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, कन्या अभिभावक पेंशन सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं, विभिन्न रोजगारमूलक योजनाओं सहित अन्य योजनाओं के स्वीकृति पत्र और हितलाभ हितग्राहियों को प्रदान किए गए। शिविर में विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा पौधरोपण भी किया गया।*

## पुलिस लाईन में कार्यक्रम आयोजित

# सशस्त्र बलों से सेवानिवृत्त हुए पूर्व सैनिकों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर 14 जनवरी को रायसेन स्थित पुलिस लाईन में कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें 20 पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट होमगार्ड कमाण्डेंट उमेश तिवारी, सैनिक कल्याण बोर्ड के जिला संयोजक सूबेदार भानुप्रताप सिंह, आरआई कविता डामोर तथा टीआई मनोज सिंह सहित सशस्त्र बल के पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

सूबेदार श्री सिंह ने बताया कि सशस्त्र बलों के पहले भारतीय



कमांडर इन चीफ फील्ड मार्शल केएम करियप्पा की सेवाओं को मान्यता और सम्मान में वर्ष 2017 से हर साल 14 जनवरी को सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस मनाया जाता है। श्री करियप्पा 14 जनवरी 1993 को सेवानिवृत्त हुए थे। सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस पर पूर्व सैनिकों को श्रृद्धापूर्वक याद किया जाता है।